# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक– 08 / परीक्षा / 2025 दिनांक– 29 / 10 / 2025

## अधिसूचना (तिथि विस्तारण)

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक–05 / परीक्षा / 2025 दिनांक 16.10.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा सत्र 2025–26 के राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के यथा प्रथम सेमेस्टर (बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0), तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर (बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0) तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के नियमित / बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0 में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 29.10.2025 तक निर्धारित थी।

छात्र हित को देखते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निम्नवत् विस्तारित की जाती है–

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | 17.10.2025 |
| 2 | निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 04.11.2025 |
| 3 | विलम्ब शुल्क रू0 500 / – के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 07.11.2025 |
| 4 | महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्मों का शुद्धीकरण एवं सत्यापन | 08.11.2025 |

अर्ह समस्त स्नातक स्तर के बी.ए., बी.एस.सी, बी.कॉम. तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर के एम.ए., एम.कॉम., एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर के छात्र–छात्राएं जो परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है, वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in अथवा msdsuonline.in पर उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

नोट– 1. **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (नियमित छात्र) एवं विश्वविद्यालय परिसर के विषम सेमेस्टर के समस्त पाठ्यक्रम के परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित किया जाना है, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जायेगी।**

(आनन्द कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक
29/10/25

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव–कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि, उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में व्यापक जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(आनन्द कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner